हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 6 जनवरी 2024

सीहोर | नसरुल्लागंज | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 गोपालपुर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद...



07 आप समझदारी न बताएं, जहां जरूरत है...



## खबर संक्षेप

### शीतलहर से बचाव को लेकर एडवॉयजरी जारी



**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने शीतघात व शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की गई है। उन्होने बताया कि शीत ऋतु में वातावरण का तापमान अत्यधिक कम होने पर शीत लहर का चलना प्रारंभ हो जाता है! जिसके कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरित प्रभाव जैसे सर्दी जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाईपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बनी रहती है। प्रभावी शीत लहर से बचने के लिए गर्म एवं ऐसे कपड़े जिनमें कपड़ों की कई परतें होती है वह शीत लहर से बचाव के लिए अत्यधिक प्रभावी होते है। रजाई, कंबल, स्वेटर, गर्म कपडों का उपयोग किया जाना चाहिए एवं मफलर, आवरण युक्त जलरोधी जूतों का उपयोग किया जाना चाहिए। जनजागरूकता के लिए मैदानी स्तर पर आशा, आशा सुपरवाईजर्स, एएनएम, एमपीडब्ल्यू को जनजागरूकता के लिए निर्देशित करने सिविल सर्जन तथा समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### गुड़ बनाने तक की लागत अधिक आने के कारण गुड़ के दामों में तेजी आई

# मकर संक्रांति से पहले बढ़े तिल के रेट, 200 रुपए किलो पर पहुंचे, गुड़ भी हुआ महंगा

बाजार में 40, 45 और 50 रुपये प्रति किलो में गुड़ बेचा जा रहा है। अब ज्यादातर लोग रेडीमेड लड्डू खरीदकर ले जाते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



संक्रांति के मौके पर घर-घर में लड्डू बनाए जाते हैं, लेकिन इस साल लड्डू बनाने वाली किराना सामग्री के दाम कई गुना बढ़ गए हैं जिसके चलते लोग पिछले साल की अपेक्षा कम ही किराना खरीद रहे हैं। पिछले साल 35 से 40 रुपये किलो बिकने वाले गुड़ के दाम 45 से 50 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं तिल के दाम 200 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गए हैं।

बता दें कि तीज-त्योहार आते ही खासकर किराना आदि खाद्य सामग्रियों के दामों में तेजी आने लगती है। संक्रांति आते ही शहर में गुड़ के दामों में 10 रुपये प्रति किलो तक की तेजी आ गई है। हालांकि व्यापारियों का कहना है कि गन्ना लगाने से लेकर गुड़ बनाने तक की लागत अधिक आने के कारण गुड़ के दामों में तेजी आई है। गुड़ विक्रेता महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि पिछले साल गुड़ के दाम 35 से 40 रुपये प्रति किलो रहे थे, लेकिन उन्हें इस साल गुड़ महंगा मिला है जिसके चलते उन्हें 45 से 50 रुपये प्रति किलो में गुड़ विक्रय करना पड़ रहा है। बाजार में 40, 45 और 50 रुपये प्रति किलो में गुड़ बेचा जा रहा है।

#### चिरोंजी के दाम भी बढ़े

चिरोंजी के दामों में एक हजार रुपये तक की आई है। तेजी फुटकर किराना व्यापारी राकेश साहू का कहना है कि चिरोंजी पिछले साल 1400 रुपये प्रति किलो थी। इस साल दाम बढ़कर 2400 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। यानि चिरोंजी के दामों में एक हजार रुपये तक की तेजी आई है। तिल जो पिछले साल 150 से 160 रुपये प्रति किलो में आसानी से मिल रही थी, इस साल 200 रुपये प्रति किलो बिक रही है। वहीं राजगिर के दामों में भी प्रति किलो 70 रुपये की तेजी आई है।

#### घरों में अब कम ही बनते हैं लड्डू

बेसन में 20 रुपये प्रति किलो की वृद्धि के साथ 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। मैदा के दामों में भी 8 से 10 रुपये प्रति किलो की वृद्धि हुई है। रेडीमेड लड्डुओं की बड़ी मांग संक्रांति पर लड्डू बनाने की पहले घर-घर में महीनों पहले से तैयारियां शुरू हो जाती थी और बड़ी संख्या में बेसन, मैदा, चावल, राजगिर आदि के लड्डू बनाए जाते थे, लेकिन अब घरों में कम ही लड्डू बनाए जाते हैं। लोग रेडीमेड लड्डू खरीदने लगे हैं।

व्यापारियों का कहना है कि 15 नवंबर के बाद किराना सामग्री की बिक्री शुरू हो जाती थी जो 15 जनवरी तक चलती थी, लेकिन अब जनवरी में 10 से 15 दिन की ही ग्राहकी होती है। ज्यादातर लोग रेडीमेड लड्डू खरीदकर ले जाते हैं।

### नाबालिग बहन के साथ लॉक डाउन के दौरान घर में घुसकर किया दुष्कर्म, कोर्ट ने 20 साल के लिए भेजा जेल

**सीहोर।** मुंह बोली नाबालिग बहन के साथ लॉक डाउन के दौरान घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को अदालत ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पीड़िता को दो लाख रुपए प्रतिकर प्रदान किया गया।

पॉक्सो एक्ट विशेष न्यायाधीश अभिलाष जैन ने फैसला सुनाते हुए सीलखेड़ा थाना अहमदपुर निवासी सोनू पिता अमरसिंह (25) को धारा 376, 450 भादवि एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं डेढ़ हजार रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

विशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव ने घटना का संक्षिप्त विवरण देते हुए बताया कि पीड़िता बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है और कॉलेज की हॉस्टल में ही रहती है। लॉकडाउन लगने से वह घटना दिनांक को डेढ महीने पहले से ही अपने घर आ गई थी। दिनांक 23 मार्च 21 को सुबह 11 बजे उसके माता पिता खेत पर थे। पीड़िता के दादा-दादी भी कही गये थे, और उसकी बहने भी स्कूल गई थीं और भाई भी हॉस्टल में था, उसके चारों भाई बहन घर पर नहीं थे। पीड़िता घर पर अकेली थी, तभी आरोपी जो उसका भाई लगता है, उसके घर आया और घर के अंदर आकर दरवाजा बंद कर लिया। पीड़िता के दरवाजा बंद करने का कारण पूछने पर आरोपी ने पीड़िता का हाथ पकड़कर जमीन पर पटक दिया, और पीड़िता के साथ बुरा काम किया। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने कहा कि किसी को यह बात बताई तो तुझे जान से खत्म कर देगा। फिर पीड़िता अपने पिताजी के साथ थाना अहमदपुर पहुंची। पीड़िता की रिपोर्ट पर से थाना अहमदपुर ने आरोपी के विरूद्ध धारा 376, 450 भादवि 5/6 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अभियोजन द्वारा आरोपी के तर्कों का मौखिक एवं दस्तोवज साक्ष्य व साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) ने आरोपी को दोषी पाते हुये धारा 376,450 भादवि एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं डेढ़ हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## दोराहा में महिला की चाकू मारकर हत्या, पानी को लेकर चल रहा था विवाद, पिता-पुत्र ने साथी के साथ मिलकर की वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के दोराहा में गुरुवार रात आपसी विवाद के चलते पिता-पुत्र ने साथियों के साथ मिलकर एक महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार कुछ दिन पहले फरीदा बी और उनके पड़ोसी सलाम खान के बीच पानी को लेकर कुछ विवाद हो गया था, तभी से उनके बीच रोज कुछ न कुछ अनबन हो रही थी। फिर यह विवाद इतना बढ़ गया कि कल रात को सलाम, उसका बेटा अरमान और उनके साथी ने फरीदा पर चाकू से हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई।

घटना के बाद सीधे फरीदा को इलाज के लिए भोपाल के हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोराहा थाना पुलिस ने देर रात 3 बजे के लगभग आरोपी अरमान, सलाम और अक्की मीना पर हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं आज भोपाल में महिला का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। महिला के परिजन भी यहां मौजूद है।

#### एक आरोपी की तलाश जारी

थाना प्रभारी राजेश सिन्हा के अनुसार घटना की सूचना मिलने के बाद रात में ही पुलिस सक्रिय हो गई थी और मामले में दो आरोपी सलाम और अरमान रात में ही पकड़े जा चुके हैं, जबकि एक आरोपी अक्की अभी फरार है। थाना प्रभारी के अनुसार आरंभिक जांच में घटना का कारण पानी भरने का पुराना विवाद ही सामने आया है।

#### दरवाजा खोलते ही मारा चाकू

जानकारी के अनुसार जैसे ही महिला ने रात 9 बजे के लगभग किसी के दरवाजा खटखटाना के बाद गेट खोला, वैसे ही अरमान ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। वहीं सूत्रों से जानकारी सामने आई है कि आरोपी से पूछताछ में भी यही तथ्य सामने आया है कि पानी भरने को लेकर जो विवाद चल रहा था उसी कारण रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया।

## जिले में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज : मौसम विभाग का अनुमान 5 दिन रुक-रुक कर हो सकती है बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज बदला हुआ रहा। न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सीहोर जिले में हल्का कोहरा छाया रहा। इस दौरान विजिबिलिटी 50 मीटर रही। उल्लेखनीय है कि सीहोर जिले में पिछले 4 दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एस एस तोमर ने बताया कि आगामी 5 दिनों तक जिले में रुक-रुक कर बारिश होने का अनुमान है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने शीतघात व शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की गई है। उन्होंने बताया कि शीत ऋतु में वातावरण का तापमान अत्यधिक कम होने पर शीत लहर का चलना प्रारंभ हो जाता है! जिसके कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरीत प्रभाव जैसे सर्दी जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाईपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बनी रहती है।

प्रभावी शीत लहर से बचने के लिए गर्म एवं ऐसे कपड़े जिनमें कपड़ों की कई परतें होती है। वह शीत लहर से बचाव के लिए अत्यधिक प्रभावी होते हैं। रजाई, कंबल, स्वेटर, गर्म कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए और मफलर, आवरण युक्त जलरोधी जूतों का उपयोग किया जाना चाहिए। इस संबंध में जन जागरूकता के लिए मैदानी स्तर पर आशा, आशा सुपरवाइज़र, एएनएम, एमपीडब्ल्यू को जन जागरूकता के लिए निर्देशित करने सिविल सर्जन तथा समस्त विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। पेंशनधारक का पूरा डाटा, नियुक्ति दिनांक, पीपीओ नम्बर, आधार नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि जैसी सभी जानकारी उपलब्ध होने के कारण पेंशनधारकों को ऑनलाइन अपडेशन के संबंध में भरोसा दिया जाता है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है । गलती से ओटीपी साझा करने पर अपराधी को बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस कन्ट्रोल मिल जाता है और पेंशनर के खाते की राशि फर्जी खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है।

### जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन का संशोधित कार्यक्रम जारी, मतदान अब 27 जनवरी को

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सीहोर के रिक्त जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। अब मतदान 27 जनवरी को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पूर्व में घोषित कार्यक्रम में मतदान 22 जनवरी को होना था।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 30 दिसंबर 2023 को शुरू हो चुका है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 2024 है। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 8 जनवरी को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 10 जनवरी 2024 है। मतदान 27 जनवरी को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। मतगणना 30 जनवरी को विकासखंड मुख्यालय पर और परिणाम की घोषणा 31 जनवरी को जिला मुख्यालय पर होगी। संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। जिला पंचायत सदस्य सीहोर का वार्ड 8 में निर्वाचन होना है।

### भेरूंदा में तेज रफ्तार वाहन का कहर : घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया, घायल बाइक सवार अस्पताल में भर्ती



**सीहोर।** भेरूंदा में तेज रफ्तार वाहनों का कहर देखने को मिला, जहां एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल बेकाबू होकर एक डंपर में जा घुसी] जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा सकता है कि एक तेज रफ्तार बाइक सवार डंपर में जा घुसा, घटना कल शाम बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मोटर साइकिल चालक का नाम भेरूंदा निवासी गोविंद बताया जा रहा है। इस हादसे के बाद युवक गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज भोपाल में जारी है। युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। गौरतलब है कि भेरूंदा क्षेत्र में इस हफ्ते यह दूसरी सड़क दुर्घटना है। इससे पहले चार पहिया वाहन तेज गति के दौरान पलटता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था।

### बैलेट पेपर से चुनाव कराने के लिए किया जा रहा आंदोलन

# ईवीएम मशीन के विरोध में प्रथम चरण में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम नई दिल्ली के निर्देशानुसार देश भर के 545 जिलों सहित सीहोर जिला मुख्यालय में भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ ही अन्य सामाजिक संगठन राजनीतिक दलों जिसमें बहुजन मुक्ति पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, आम आदमी पाटी, आजाद समाज पार्टी, आदिवासी गोंडवाना विकास पार्टी, जय आदिवासी पार्टी सहित कई विपक्षीय पार्टियों द्वारा 20 सूत्रीय मांगों सहित ईवीएम मशीन से चुनाव बेन कर बैलेट पेपर से चुनाव कराने के लिए ईवीएम के विरोध में चरणबद्ध आंदोन किया जा रहा है, जिसके तहत राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर भारत मुक्ति मोर्चा सीहोर जिला अध्यक्ष जितेन्द्र मालवीय के नेतृत्व में आन्दोलन के प्रथम चरण में महामहीम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर सीहोर को ज्ञापन सौंपा गया।

जितेन्द्र मालवीय द्वारा ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि जब दुनिया का सबसे विकसित देश अमेरिका, जापान, ब्रिटेन सहित कई देशों में ईवीएम मशीन से निर्वाचन कराया जाना प्रतिबंधित है, तो फिर भारत में ही ईवीएम मशीन से क्यो चुनाव कराये जाते हैं। यह समझ से परे है, इसी को लेकर हमारे द्वारा प्रथम चरण में ज्ञापन सौंपा जा रहा है ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि जनाधार खोती हुई राष्ट्रीय पार्टियों को इवीएम ने मदद की है, 8 अक्टूबर 2013 का सुप्रीम कोर्ट का लैंडमार्क जजमेंट, सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग के साथ मैनेजमेंट, चुनाव आयोग के द्वारा पुरानी मशीनों का इस्तेमाल, सन 2014 में वीवीपीएटी मशीन सभी ईवीएम में लगाना मगर एक विधानसभा में सिर्फ 5 से 7 वींवींपीएटी मशीन की गणना करना, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में घोटाला करने के सबूत, चुनाव आयोग के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी का कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट का केस, इवीएम घोटाले को बरकरार रखने हेतु चुनाव आयोग के द्वारा नए रूल बनाए गए, सन 2019 का लोकसभा चुनाव, बीजेपी का सबसे बड़ा घोटाला, 01 जून 2019 चुनाव आयोग की प्रेस नोट, वीवीपीएटी मशीन से निकलने वाली पर्चियां चुनाव आयोग ने 4 महीने में क्यों नष्ट कर दी। बीजेपी द्वारा लोकसभा चुनाव पर करोड़ों रुपए का खर्चा। इवीएम में घोटाला नहीं होता है यह चुनाव आयोग का झूठा दावा, चुनाव आयोग को 112 लोगों के सवाल, जिसका चुनाव आयोग ने अभी तक जवाब नहीं दिया, ईवीएम को लेकर अपोजिशन पार्टी की मीटिंग, आरटीआई के द्वारा 20 लाख इवीएम मशीनों की मिसिंग का मामला, ईवीएम को पेटेंट ना होना इसका मतलब ईवीएम पर विश्वास कैसे किया जाय, चुनाव आयोग की इसीआईएल और बीइएल को गोपनीय सॉफ्टवेयर प्रोग्राम शेयर करने के लिए खुली छूट आदि मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंप कर ईवीएम मशीन से चुनाव कराये जाने का विरोध किया गया है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से बहुजन मुक्ति पार्टी नेता धूलसिंह धम्म,कांग्रेस नेता पंकज शर्मा,कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेन्द्र खंगराले, आम आदमी पार्टी से स्टेट मीडिया प्रभारी इंजिनियर कृष्णपाल सिंह बघेल,जिला अध्यक्ष दिनेश नागर, ओबीसी महासभा से जिला संयोजक चांदसिंह मेवाड़ा, अनुसूचित जाति जिला संघठन से सीताराम भारती, जनम सिंह, लक्ष्मण सिंह, कमलसिंह, बलाई जिला समाज संघ से जिलाध्यक्ष भवानी सिंह, रामचरण मालवीय, फूलसिंह लाईनमेन, केशर सिंह, करण सिंह, लखन सिंह, बी.एस.भदौरिया, डॉ.अनीस खान, टीसी बौद्ध, जगदीश शर्मा, राजेश्वर धुर्वे, नारायण पाटीदार, ब्रजसिंह उइके, प्रवेश कुशवाहा, कुलदीप वर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य संघठन के पदअधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले के भीतर थानों, चौकियों की सीमाओं का निर्धारण करेगी कलेक्टर समिति

**सीहोर।** जिले के भीतर थानों और चौकियों की सीमाओं के निर्धारण का अधिकार कलेक्टर की समिति करेगी। राज्य शासन द्वारा अब जिला स्तर पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा जिला अभियोजन अधिकारी की समिति को प्रत्यायोजित किये गये हैं। इस आशय के आदेश गृह सचिव रवीन्द्र सिंह द्वारा जारी किया गया है।

पुलिस विभाग की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए जिलों में नये थानों का सृजन किया गया है परन्तु थानों के सृजन के उपरांत थानों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण के सम्बन्ध में समुचित विचारण नहीं किया गया है। थानों की सीमा, अधिकार क्षेत्र का पुर्ननिर्धारण करते समय थानों की पारस्परिक अपराध संख्या तथा यदि कोई स्थानीय विशेष परिस्थितियाँ उपस्थित हों तो उन्हें भी दृष्टिगत रखा जावे। गृह सचिव श्री सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार सीमाओं के निर्धारण की कार्यवाही विधिवत संपन्न करने अधिसूचना का प्रकाशन मध्य प्रदेश राजपत्र में कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। इस प्रयोजन के लिए जिला दण्डाधिकारी को उप सचिव घोषित किया गया है। थानों और चौकियों की सीमाओं के निर्धारण कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर 31 जनवरी 2024 तक पूर्ण किया जाना है।

### पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हुआ

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है।

**खबर संक्षेप**



## मप्र राज्य कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचान

**सीहोर।** म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ के नववर्ष 2024 का वार्षिक बहु रंगीन कलेंडर का लोकप्रिय विधायक सुदेश राय के करकमलो द्वारा कराया गया। सर्वप्रथम राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित संतोष शर्मा द्वारा विधायक सुदेश राय का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक राय ने कहा कि मप्र राज्य कर्मचारी संघ के कर्मचारियों की भूमिका सदैव अहम रही है। कार्यक्रम का संचालन अंकुर शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर गोपाल ठाकुर संभागीय अध्यक्ष, संतोष सिंह जिला सचिव, देवेन्द्र आर्य जिला कोषाध्यक्ष, पंडित अनिल शर्मा वरिष्ठ नागरिक परिसंघ, विनीत दुबे, रामसिंह यादव, संतोष जैन संतु, आलोक शर्मा, दौलत राम अहिरवार, अभिषेक भार्गव, विशाल शर्मा, अंशुल शर्मा, मनोज व्यास, विजय, अतुल शर्मा, चिंतामणि बाथम, कुंदन राय, जखन लाल, स्वंतत्र पाठक, मुकेश राठौर, आर.एस. गौर, बी.एल. विश्वकर्मा आदि बड़ी संख्या मे पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कार में सवार होकर आए थे चोर, सीसीटीवी से मिला पुलिस को सुराग

# गोपालपुर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद कर चोरों को किया गिरफ्तार

**गोपालपुर पुलिस टीम ने घटना स्थल की आस-पास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए तकनीकी मदद के सहयोग से मिली सफलता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




चोरी गए ट्रेक्टर-ट्रॉली को बरामद कर चोरों को गिरफ्तार करने में गोपालपुरा पुलिस को सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार फरियादी रामनिवास पिता रामेश्वर पंवार उम्र 36 साल निवासी ग्राम रुजनखेडी ने थाना गोपालपुर पर रिपोर्ट किया कि 26 दिसंबर कि रात्रि में उसका सोनालिका कम्पनी का ट्रेक्टर मय ट्राली के चोरी हो गया है। ट्रेक्टर ट्राली किसान इंडियन आईल पेट्रोल पम्प छीपानेर रोड पर खडा था। जिसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गोपालपुर पर चोरी की धाराओ मे अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया।

अपराध को गंभीरता से लेते हुए सीहोर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपुर के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी गोपालपुर द्वारा टीम गठीत घटना स्थल की आस-पास के सीसीटीवी फुटेच चैक किये गए। व तकनीकी मदद ली गयी। विवेचना के दौरान कुछ सीसीटीवी केमरो मे ट्रेक्टर-ट्राली के आस पास रिज कम्पनी की कार घटना को संदिग्ध घुमती पायी गयी। रिट्ज कार के संबधं मे पता करने पर उक्त कार पांडागांव के राहुल पिता रामसिहं तंवर की होना पाया गया। राहुल तंवर से घटना के संबधं मे योजनाबद्ध तरीके से पुछताछ करने पर राहुल तवंर ने अपने तीन अन्य साथी बलवीर पिता हरिनारायण जाट उम्र 22 साल निवासी बडनगर थाना गोपालपुर, भारत पिता तेजराम कुशवाह निवासी डोलरिया जिला नर्मदापुरम, धीरेन्द्र पिता शैतान सिंह कुशवाह निवासी ग्राम धमासा थाना डोलरिया जिला नर्मदापुरम के साथ जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपीगण की तलास करते बलवीर जाट को गिरफ्तार किया गया। आरोपी राहुल की निशादेही पर चोरी गया सोनालिका ट्रेक्टर नीले रंग का व एक ट्राली कीमती 7,00,000 रुपये) का बरामद किया गया। फरार आरोपी भारत कुशवाह निवासी डोलरिया व आरोपी धीरेन्द्र कुशवाह निवासी धमासा थाना डोलरिया की तलाश जारी है।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी गोपालपुर निरी. ब्रजेश कुमार, सउनि विजय यादव, प्रआर. 631 मनोहर सिंह ठाकुर प्रआर. 494 शिवनारयण वर्मा, आर. 741 संजय राजपूत, आर. 187 विकास नागर, आर. 787 राहुल बघेल, आर. 536 प्रकाश नरें, आर. 772 विशाल सिंह तोमर, आर. 691 सचिन सिंह, सायबर सेल सीहोर की टीम का सहरानीय योगदान रहा।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने ओंकारेश्वर दर्शन के लिए रवाना किया 220 सदस्यीय जत्था



**सीहोर।** शहर के गंज स्थित राष्ट्रवीर दुर्गादास पार्क से ओंकारेश्वर दर्शन के लिए करीब 220 रवाना हुए। शुक्रवार की सुबह भगवान भोलेनाथ के जयकारों के बीच नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा करीब 180 महिलाएं और 40 पुरुष श्रद्धालु ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुए। ओंकारेश्वर पहुंचकर दर्शन-पूजन करेंगे। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने अपनी ओर से सभी श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क वाहनों और भोजन आदि की व्यवस्था की गई है। प्रदेश ही नहीं देश के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र ओंकरारेश्वरधाम यात्रा का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सीहोर सहित आस-पास के करीब 220 से अधिक श्रद्धालुओं के भेजने की योजना बनाई थी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर अपने पुज्य दादा-दादी की स्मृति में सैकड़ों लोगों को ओंकारेश्वर के लिए किया, शहर से ढोल-बाजे के साथ सम्मान कर यात्री बसों के मध्य से रवाना किया गया। यात्रा पर रवाना होने से पहले सभी श्रद्धालुओं में आस्था और उत्साह के भाव थे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भगवान शिव से जुड़े द्वादश ज्योतिर्लिंगों में मध्य प्रदेश स्थित ओंकारेश्वर का चौथा स्थान आता है। यहां पर भगवान शिव नर्मदा नदी के किनारे के आकार वाली पहाड़ पर विराजमान हैं। हिंदू धर्म में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिग को लेकर कई मान्यताएं हैं। जिसमें सबसे बड़ी मान्यता ये है कि भगवान भोलेनाथ तीनों लोक का भ्रमण करके प्रतिदिन इसी मंदिर में रात को सोने के लिए आते हैं। महादेव के इस चमत्कारी और रहस्यमयी ज्योतिर्लिंग को लेकर यह भी मानना है कि इस पावन तीर्थ पर जल चढ़ाए बगैर व्यक्ति की सारी तीर्थ यात्राएं अधूरी मानी जाती है। श्रद्धालुओं को रवाना करने के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के साथ राठौर समाज के अध्यक्ष सतीश राठौर, पार्षद संतोष शाक्य, अर्जुन राठौर, नरेन्द्र राजपूत, राजेश परिहार आदि शामिल थे।

## सावित्री देवी फुले की जयंती धूमधाम से मनाई



**भैरुंदा।** गुरुवार को प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री देवी फूले की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई जिसमें सर्वप्रथम तथागत बुद्ध , बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर, माता सावित्री देवी फूले के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की मुख्य अतिथि डॉ धम्मकिर्ती दिल्ली के द्वारा भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री देवी फूले के जीवन संघर्षो पर आधारित व्याख्यान दिया कई बालिका स्कूल खोले ,बालहत्या प्रतिबंध के लिए आन्दोलन चलाया, पुरुष शिक्षा से अधिक जरूरी है नारी शिक्षा, वहिष्कृत वर्ग की शिक्षा के लिए कार्य किया, विधवा मुन्डन का विरोध किया, अंधविश्वास पाखण्ड कुरितियां को खत्म करने के लिए आन्दोलन चलाया, सावित्री देवी फूले एक कुशल वक्ता भी थी। कार्यक्रम में उपस्थित गबुलाल सरसवाल, राजेश मेहरा, रामानंद जाधव,जे पी पेठारी, अर्जुनसिंह बौद्ध, कमलसिंह वर्मा, जगदीश वर्मा,मोरसिंह सूर्यवंशी, भीमसिंह बौद्ध,जे पी मेहरा,आर डी सोलंकी,बुलाकीलाल पेठारी, अरुण बौद्ध, आशीष गोदरे, सुनीता बौद्ध,कुन्ती बौद्ध, ममता मेहरा,प्रभा पेठारी उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का मिलन समारोह 7 जनवरी को

**सीहोर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का जिला स्तरीय मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह दिनांक 7 जनवरी, रविवार को प्रातः 11 बजे स्थानीय कृष्ण सेलीब्रेशन विशाल मेगामार्ट चाणक्यपुरी सीहोर में आयोजित किया जावेगा। समारोह के मुख्य अतिथि विजयपाल सिंह विधायक सोहागपुर विधानसभा होगें। समारोह मे दसवी, बारहवीं नीट गेट नेट मे सफल और शासकीय सेवा प्राप्त क्षत्रिय समाज के प्रतिभाशाली विधार्थियों का सम्मान किया जावेगा। खेल मे उल्लेखनीय पुरुस्कार प्राप्त खिलाडिय़ों का सम्मान भी किया जावेगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर ने अभी सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम मे सम्मलित होने की अपील की है। इस कार्यक्रम मे ऐसी क्षत्राणीयों का भी सम्मान किया जावेगा जो स्वरोजगार से अपने स्वयं का व्यवसाय कर रही हैं ।

## हिंगोनी गांव की जमीन पर दूषित पानी छोड़ने वालों पर की जाए कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राजगढ़ जिले के सीमावर्ती गांव पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में लगी फैक्ट्री से सीहोर जिले के हिंगोनी गांव के खेतों में दूषित पानी छोड़ा जा रहा है। भास्कर ने इस समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रांतीय महासचिव प्रहलाद दास बैरागी ने हिंगोनी गांव पहुंचकर स्थिति को देखा और ग्रामीणों से चर्चा की। इसी को लेकर उन्होंने बुधवार को डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन दिया। प्रहलाददास बैरागी ने बताया कि राजगढ़ जिले के पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में संचालित चमड़े से जेली बनाने वाली भोपाल जिलेटिंस फैक्ट्री एवं विंध्याचल फैक्ट्री द्वारा सीहोर जिले की सीमा श्यामपुर तहसील क्षेत्र में आने वाली पार्वती नदी और खेतों में दूषित पानी छोड़ा जा रहा है। इससे किसानों के उपजाऊ खेत खराब हो रहे हैं और पार्वती नदी का पानी भी प्रदूषित हो रहा है।

## महर्षि व्यास आचार्य पंडित स्व.चंद्र किशोर व्यास की स्मृति में हुआ साहित्य अलंकरण सम्मान समारोह



**सीहोर।** गत दिवस स्थानीय नारायण पैलेस के सभागार में महर्षि व्यास सांस्कृतिक मंच द्वारा महर्षि व्यास साहित्य अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर अलंकरण समारोह के संस्थापक सदस्य रहे नगर के वरिष्ठ साहित्यकार स्व. रमेश गोहिया का सभी उपस्थितजनों ने पुण्य स्मरण किया और दो मिनट का मौन धारण कर अपने प्रिय कवि को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में शहर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एसआर गट्टानी को "महर्षि व्यास साहित्य अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रमोद जोशी 'गुंजन ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग आयोग मध्यप्रदेश के सदस्य राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सीताराम यादव, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय तथा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप चौहान थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया गया। सरस्वती वंदना कवि जोरावर सिंह ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया।

अतिथियों को बैज लगा कर, अंग वस्त्र एवं पुष्पाला पहनाकर सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष शैलेंद्र व्यास एवं उपाध्यक्ष जितेंद्र व्यास ने किया। स्वागत भाषण देते हुए शैलेंद्र व्यास ने कहा कि विगत 9 वर्षों से पूज्य पिता श्री की स्मृति में यह आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न होता आ रहा है । आगे भी यह इसी तरह चलता रहेगा। मंच के सचिव निलेश मोदी ने गुरु जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके जीवन की मुख्य घटनाएं बताई। राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मुख्य अतिथि सीताराम यादव ने कहा कि यह बड़े गौरव की बात है कि पिछले 9 वर्षों से पिताजी की पुण्यतिथि पर साहित्यकारों को बुलाना और उन्हें सम्मान देना सच्ची श्रद्धांजलि है। वही वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने कहा कि महर्षि व्यास जी महान हस्ती रहे हैं। उन्हें सिद्धपुर की धरा से अटूट प्रेम था। अपनी अंतिम सांस तक उन्होंने सिद्धपुर की धरा को नहीं छोड़ा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा आमंत्रित कवियों का सम्मान पुष्पमाला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया गया। साथ ही विगत आयोजनों मे अहम भूमिका निभाने वाले गीतकार स्व. रमेश गोहिया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनिट का मोन धारण किया। अवसर पर काव्य पाठ करने वाले कवियों में नगर के हास्य कवि सरदार जयमल सिंह रजपाल, प्रमोद जोशी गुंजन डॉ. एस. आर. गट्टानी, हरिओम शर्मा दाऊ, द्वारका बांसुरिया, नारायण नवरंग, विनोद पंसारी, संतोष जैन संतु, जोरावर सिंह, डॉ. मंगलेश जायसवाल, हीरालाल शर्मा, राम सिंह परमार, डॉ. गिरीश जोशी नलिन, लक्ष्मण सिंह चौकसे, नीतिश जयसवाल ,जितेंद्र राठौर डॉ. विजेंद्र जायसवाल आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम में डॉ. कैलाश अग्रवाल, बृजमोहन सोनी, राधेश्याम अग्रवाल, मनोरमा शर्मा, कृष्णा शर्मा, एडवोकेट राजेश तिवारी , उज्जैनी तीर्थ पुरोहित रूपम जोशी, शैलेश तिवारी , हेरम्य व्यास, रीमा तिवारी, सतीश भार्गव, संजय त्यागी, श्याम त्यागी, हिमालय गोहिया, बालमुकुंद राय, दिलीप गांधी, डॉ. रवि जायसवाल, आशीष गुप्ता, शैलेंद्र गहरवार, निलेश जैन, मनोज सिसोदिया, गौतम शाह, यश जायसवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय कंस्ट्रेक्शन मजदूर महासंघ का प्रांत स्तरीय अधिवेशन हुआ आयोजित



**सीहोर।** अखिल भारतीय कंस्ट्रेक्शन मजदूर औद्यौगिक इकाई महासंघ का प्रांत स्तरीय तीन दिवसीय अधिवेशन अम्बेडकर धर्मशाला में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम भारत माता भगवान विश्वकर्मा, एवं दत्तोपंत ढेगड़ी के चित्र पर फूल माला अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलित कर बैठक आरंभ हुई। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के 70 वर्ष पूर्ण होने पर मजदूरों के द्वारा मिठाई का वितरण किया गया। प्रांत स्तरीय बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारी प्रसाद के द्वारा की गई। बैठक का संचालन राष्ट्रीय महामंत्री जगबहादुर सिंह के द्वारा किया गया।

मजदूरों को अखिल भारतीय प्रभारी जयंत पाण्डे, प्रांत संगठन मंत्री निरंजन एवं नवनीत शाह, सुरेश सेलार गुजरात, डॉ प्रदीप पाठक, लोकेश विजयवर्गीय, सुब्बाराव आंध्रप्रदेश, देव वर्मा उत्तर प्रदेश, हरि हरण तमिलनाडू, विश्राम मालाकार राजस्थान, सुनील,बिहार, प्रभुराय हिमाचल प्रदेश एवं भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष विनीत दूबे का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ अधिवेशन में दस राज्यों के प्रतिनिधियों पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों ने भाग लेकर समाज के अंतिम पक्ती में खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने को लेकर चर्चा की मजदूर हित में प्रस्ताव पारित किए। मध्य प्रदेश महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय ने लीलाकिशन वर्मा को प्रवासी मजदूर संघ का प्रदेश प्रभारी एवं सुभाष वर्मा को ऑडिट प्रभारी नियुक्त किया। संभागीय भवन निर्माण अन्य संनिर्माण संघ जिला सीहोर जिलाध्यक्ष भोलाराम जाटव एवं जिला महामंत्री देवीराम जाटव सरवन जाटव, विरेंद्र जोहारे, कुलदीप, माधव, बंटी को सफल आयोजन और छात्रा कनक जाटव को आकर्षक पेंटिंग बनाने के लिए पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चल रही श्री राम कथा

# पिता की संपत्ति का अधिकार पुत्र को तब होता है जब वह पिता जितना तप कर ले: पंडित हर्षित शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री तुलसी मानस महिला रामायण मंडल हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के तत्वाधान में आयोजित श्रीराम कथा के पंचम दिवस में ज्योतिष एवं भागवत सिंधु आचार्य पंडित हर्षित शास्त्री ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि संसार में भगवान का विवाह आनंद प्रदान करने के लिए हुआ। अयोध्या में नित्यानंद होने लगा जिस प्रकार अयोध्या में आनंद हो रहा है 14 भुवन में भगवान के विवाह का आनंद हुआ। भगवान के विवाह दर्शन करने के बाद अयोध्या वासियों के मन में लालसा जागृत हुई कि हमने भगवान का जन्म देख लिया चूड़ाकर्म संस्कार देख लिया भगवान का विवाह देख लिया। अब भगवान श्री राम को अयोध्या के राजा के रूप में भी देखने तो लालसा समाप्त हो संसार में आए जीव की लालसा भी कभी समाप्त नहीं हो सकती पैसे ही अयोध्या वासियों की लालसा भी निरंतर बढ़ती रही दशरथ जी के मन में भाव आया दशरथ जी अपना मुकुट सर पर धारण करके सिंहासन पर बैठे तभी मुकुट कुछ तिरछा हो गया दर्पण बुलाकर के मुकुट ठीक किया तो देखा कान के पास के बाल कुछ सफेद हो रहे थे मानो वह सफेद बाल चीख चीख कर के दशरथ जी से कह रहे हैं कि महाराज आपका चौथापन आ गया अब चौथेपन में आप वन में भगवान को प्राप्त करने के लिए जाएं और अयोध्या का राजा राम को बनाकर के विराजमान करें दशरथ जी गुरु वशिष्ट जी के पास गए और जाकर के आज्ञा मांगी है गुरु जी ने कहा यदि राम को राजा बनना है तो अभी बना दो दशरथ जी ने कहा कल प्रातः काल शुभ मुहूर्त में राम को राजा बनाएंगे राम जी को समाचार लगे तो राम जी ने सोचा हमने अपने पिताजी इतना अभी तक नहीं किया है। हमारे पिताजी इतना तब होना जरूरी है तभी हम उसे पद पर बैठने की योग्य हैं इसलिए राम जी ने वन जाने की यह रचना बनाई इधर गुरुदेव से दशरथ जी ने कहा कि यदि कोई विशेष सूत्र रचना हो तो आप राम को जाकर के बताएं राम जी के पास गुरुदेव गए और बताया राम यदि आज की रात कट गई तो विधाता ब्रह्मा जी ने क्या लिख रखा है। यह तो तुम अच्छे से ही जानते हो राम जी गुरुदेव को प्रणाम करके बात समझ गए इधर सरस्वती देवी ने मंत्र की बुद्धि को पालता और मंत्र ने जाकर के कैकई को कहा कि आप भारत के लिए राजसत्ता मांगे यह सब भगवान राम की ही लीला थी प्रयाग लोग माता कहते ही को गलत कहते हैं जो की बिल्कुल सही नहीं है माता कैकई ने सब राम जी के प्रेम में किया जब राम जी छोटे थे एक बार राम जी ने माता से कहा मां जब पिता हमें राजगद्दी देने वाले हो तब आप हमारे लिए 14 वर्ष का वनवास मांग लेना माँ ने कहा राम मैं तुम्हारे लिए अपनी जान दे सकती हूं। यह तो बहुत छोटी बात है माता के कई बड़ी करुणामई है। राम को जन्म देने वाली मां कौशल्या ने जब जन्म दिया तो भगवान हुए राम माता कैकई ने राम जी को जन्म भेज करके मर्यादा पुरुषोत्तम राम बनाया रात्रि काल में माता माता कैकई ने आज दशरथ जी से कहा कि हमारे दो वरदान आपके पास बाकी है हम आपसे आज मांगना चाहते हैं माता के की बात को सुनकर के दर्शन जी ने कहा बताइए क्या चाहते हैं माता ने कहा पहली वर हम यह चाहते हैं कि राम को 14 वर्ष का वनवास दे और दूसरा हमारा पुत्र भरत अयोध्या की राजगद्दी पर विराजमान हो यह दूसरा वर आप हमें दीजिए दशरथ जी के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई कि मेरे राम चले जाएंगे। सुमंत जी को राम जी के साथ जाने के लिए आज्ञाकारी के चार दिन राम को वन घूम करके ले आना इधर जब राम जी का जाना सुनिश्चित हुआ माता कौशल्या की आज्ञा लेने के लिए गए।

## सीहोर जिले के न्यायालयों का वर्ष 2023 में पुराने प्रकरणों का ऐतिहासिक निराकरण




**सीहोर।** म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर की ''ओल्डेस्ट केस निराकरण स्कीम'' के अंतर्गत प्रदेश भर में प्रत्येक न्यायाधीश को साल में अपने न्यायालय के समक्ष लंबित प्रकरणों में से 100 सबसे अधिक पुराने प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये गये थे। उक्त स्कीम एवं दिशा निर्देशों के पालन में सतीश चंद्र शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीहोर के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ न्यायाधीशगण द्वारा पक्षकारों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु तत्परता से कार्य किया गया, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में कुल 2124 चिन्हित पुराने प्रकरणों में से 2104 प्रकरणों का निराकरण किया गया है, जो कि कुल पुराने प्रकरणों का 99 प्रतिशत है। शुभा रिछारिया दीक्षित पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सीहोर के समक्ष 26 वर्ष पुराना सिविल प्रकृति का प्रकरण आरसीएस-'ए' 10/2014 शीर्षक सर्वसाधारण वि. ज्ञान प्रकाश लंबित था। उक्त प्रकरण दिनांक 25.09.1997 को संस्थित किया गया था। उक्त न्यायालय में लंबित सबसे पुराने प्रकरण के निराकरण हेतु विचारण न्यायालय द्वारा अथक प्रयास एवं व्यक्तिगत रूचि लेकर दिनांक 26.12.2023 को प्रकरण का अंतिम निराकरण किया गया। उक्त पुराने प्रकरणों का निराकरण ऐतिहासिक होकर प्रदेश में अन्य कई समान एवं बड़े जिलों के निराकरण प्रतिशत की तुलना में उत्तम एवं उल्लेखनीय प्रदर्शन है। श्री शर्मा ने इस कठिन लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जिले के सभी न्यायाधीशों की प्रशंसा की तथा सहयोग हेतु जिले के समस्त अधिवक्ताओं को धन्यवाद दिया गया।

अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में बच्चों के भोजन व अन्य सामग्री के पैसे गबन करने का है आरोप

# 65 लाख से ज्यादा के गबन आरोपी छात्रावास अधीक्षक पर अभी तक नहीं हुई विभागीय कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

65 लाख से ज्यादा के गबन के आरोपी पर न ही कोई विभागीय जांच न होना आदिम एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के जिम्मेदारों पर सवालिया निशान खड़ा करने के लिए काफी है। इतने बड़े गबन के आरोपों को लेकर विभाग की चुप्पी से प्रतीत होता है कि संबंधित अधिकारी द्वारा संरक्षण प्रदान कर गंभीर अनियमितताओं कर भ्रष्टाचार कर दलित शोषित वर्ग के बच्चों की शासकीय राशि गबन करने के दोषी को पुनः बहाल कर अधीक्षक बनाने हेतु फाअल भेजी जा रही है। जिस छात्रावास अधीक्षक ने मासूम बच्चों के भोजन एवं उनको छात्रावास में मिलने वाली सामग्री का ही गबन कर पैसों को अपने हित में लगा लिया हो उसके प्रति विभाग के अधिकारियों का मौन संदेह पैदा करने के लिए काफी है। इसका अंदाजा इसी बात से लगा लीजिए की निलंबित अधीक्षक को 20 मार्च 23 को आरोप पत्र देने के बाद 15 दिन का समय अपना उत्तर देने के लिए दिया गया था परंतु कई महिनों के बाद इसका उत्तर दिया गया और विभाग के जिम्मेदार इंतजार में बैठे रहे।

### क्यों नहीं हुई विभागीय रिकवरी और एफआईआर ?

यदि विभाग के कर्मचारी द्वारा इतना बड़ा गबन किया गया है तो फिर विभाग के अधिकारियों द्वारा अभी तक संबंधित निलंबित अधीक्षक से गबन के पैसों की रिकवरी की प्रक्रिया प्रारंभ क्यों नहीं की गई। और यदि रिकवरी नहीं दे रहे तो फिर शासन के हित में एफआईआर क्यों नहीं की गई ?


छात्रावास अधीक्षक निकला 65 लाख की अनियमितता का आरोपी, हो गया सस्पेंड

गंभीर आर्थिक अनियमितता के चलते हुए निलंबित, पूर्व में बचाव में वीडियो बनाकर सीएम से लगाई थी बचाने की गुहार

करोड़ो रुपए खर्च का कोई हिसाब नहीं, छात्रावास अधीक्षक बोले चोरी हुए डॉक्यूमेंट

छह महीनें बाद वीडियो वायरल,षड़यंत्र या अनियमितता छिपाने की कोशिश !

ब्यावरा। अपनी गलती को छिपाने का यह अच्छा तरीका है कि दूसरे पर आरोप लगाकर दो और अपने काले कारनामे छिपा लो कुछ ऐसा ही हुआ ब्यावरा बालक छात्रावास अधीक्षक के साथ, जिन्होंने अपने आप को सच्चा और सही बताने के लिए विभाग के संयोजक का 10 हजार रुपए मांगने का वीडियो वायरल कर रिश्वत का आरोप लागाया और उसी के चलते उनका निलंबन हुआ, परंतु हरिभूमि ने प्राथमिकता से उस समय ब्यावरा छात्रावास अधीक्षक बृजमोहन शर्मा की अनियमितता की बात को प्रकाशित किया था, जिस पर प्रशासनिक जांच के बाद यह बात प्रमाणित हुई कि 65 लाख 13 हजार 495 रुपए की अनियमितता और गबन की बात सामने आई है। निलंबित आदेश में कहा गया है कि जिले में विभिन्न छात्रावासों के संचालन में विभागीय एवं वित्तीय नियमानुसार अभिलेखों का संधारण न करने और प्रभार में छात्रावास की सामग्री न देना, कार्यालय में आकस्मिक व्यय हेतु राशि के बिल कार्यालय में प्रस्तुत न करने पर गंभीर आर्थिक एवं सिविल सेवा आचरण नियम-1965 के नियमों और प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

नहीं दे रहे प्रभारी अधीक्षक को चार्ज

कलेक्टर हर्ष दीक्षित के निलंबन आदेश के बाद भी निलबित अधीक्षक बृजमोहन शर्मा छात्रावास के नए प्रभारी महेश सिंह उच्चारिया को चाजं नहीं दे रहे। इसे भी कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन ही माना जाएगा। इसके पूर्व भी निलबित अधीक्षक का रिकॉर्ड रहा है कि उन्होंने कभी भी अपना चाजं किसी और को नहीं दिया है, फिर चाहे वह जिले में किसी भी छात्रावास में नियुक्त रहे हो। चाजं देने के क्या परेशानी होती है यह तो उच्च अधिकारी ही उनसे पूछ सकते हैं या फिर वह अपनी अनियमितताओं को छिपाने का प्रयास करते हैं।

मुख्यमंत्री के नाम वीडियो बनाकर आरोपी ने किया था अपना बचाव

अपनी अनियमितता छिपाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम अपने वीडियो में निलबित छात्रावास अधीक्षक कह रहे थे कि संयोजक द्वारा 10 से 15 हजार रुपए प्रतिमाह रिश्वत की मांग की जाती है और न दिए जाने की स्थिति में नौकरी खाने की धमकी की बात कही थी और अपने आप को साफ बताने का प्रयास किया था।

नहीं रखते थे किसी भी तरह के वितीय रिकॉर्ड

विभाग की कार्यप्रणाली के अनुसार किसी भी छात्रावास अधीक्षक बृजमोहन शर्मा को 32 तरह की पंजियां नियमानुसार अपडेट करना होती है, जिनमें उपस्थिति पंजी, जिसमें कर्मचारी और बच्चों की उपस्थिति की प्रतिदिन की जानकारी होती है, खाद्यान्न पंजी, व्हाउचर फाइल और रोकड़-बही पंजी, स्टॉक पंजी आदि पंजियो के वर्षों के रिकार्ड ही नहीं हैं। इसकी जांच अभी और की जाए तो मामला और भी आगे जा सकता है।

### विभाग भी कार्रवाई न करते हुए न्यायालय से राहत का रास्ता देख रहा है

हरिभूमि ने जब आदिम एव अनुसूचित जाति विभाग के जिम्मेदार जिला संयोजक निशा जैन एवं क्षेत्र संयोजक एचएस मौर्य से विभागीय कार्यवाही के बारे में पूछा तो उन्होंने निलंबित छात्रावास अधीक्षक बृजमोहन शर्मा के द्वारा अपने निलंबन को लेकर कोर्ट में चुनौति देने को आधार बनाकर अपनी कार्रवाई की इतिश्री मान ली। उल्लेखनीय है कि इंदौर हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने भी बृजमोहन शर्मा को कोई राहत न देते हुए इसको गंभीर अनयमित्ता माना है। इसके बाद निलंबित अधीक्षक हाईकोर्ट की सेकेड बैंच में अपनी फरीयाद लेकर पहुंचे है परंतु विभाग क्यों तमाशबीन बना हुआ है और अभी तक कोई कार्रवाई नहीं कर पाया है ?

### वर्षों से जमे हुए लोग भी दे रहे भ्रष्टाचारियों को पनाह

विभाग में वर्षों से जमे लिपिक भी इस तरह के भ्रष्टाचारियों के संरक्षक बन रहे हैं। अधिकारियों को कब और क्या बताना है जिसका लाभ विभाग के इस तरह के भ्रष्टाचारियों को मिले इसका पूरा ध्यान और ज्ञान विभाग में दशकों से जमे बाबूओं द्वारा रखा जाता है जिससे विभाग में इस तरह के भ्रष्टाचारियों को बल मिलता है। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन कलेक्टर करमवीर शर्मा के आदेश की अवहेलना कर बृजमोहन शर्मा को अधीक्षक पद से नहीं हटाया गया।

### इनका कहना है...

निलंबित छात्रावास अधीक्षक के निलंबन का मामला कोर्ट में चल रहा है। इसलिए विभाग ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। हालांकि इंदौर हाईकोर्ट की पहली बेंच ने उनकी याचिका खारिज कर दी है।

**निशा जैन,** जिला संयोजक आदिम एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग राजगढ़

### जानते हैं 65 लाख के गबन को विस्तार से

छात्रावास अधीक्षक बृजमोहन शर्मा पर विभिन्न तरीकों से मासूम बच्चों के हितों में लगने वाली शासन की कुल राशि 65 लाख 13 हजार 495 रुपए का गबन का आरोप हैं। आइए जानते हैं कब और कैसे किया गया-

1. सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पचोर में 1 जुलाई 2003 से जुलाई 2022 तक रहते हुए आरक्षित शिष्यावृत्ति राशि 28 लाख 38 हजार 311 एवं स्टोर सामग्री स्टॉक में नहीं मिलने पर राशि 94 हजार 888 गबन का पाया गया।
2. 1 जुलाई 2003 से 30 जून 2016 तक बालक छात्रावास बरग्या में रहकर आहरित शिष्यावृत्ति राशि 27 लाख 33 हजार 963 वहीं स्टोर से प्राप्त सामग्री स्टॉक में नहीं मिलने पर 20 हजार 79 गबन किया गया।
3. 1 जुलाई 2015 से 30 जून 2016 तक बालक छात्रावास पड़ोनिया में आहरित शिष्यावृत्ति राशि 3 लाख 76 हजार 946 एवं स्टोर से प्राप्त सामग्री का स्टॉक न मिलने पर 1308 का गबन।
4. विभिन्न मदों में मिलने वाले छात्रावासों के रखरखाव एवं आकस्मिक व्यय व अन्य कार्य योजनान्तर्गत जिला कार्यालय से 4 लाख 48 हजार दिए गए जिनके बिल व्हाउचर आदि प्रस्तुत नहीं किए गए।

# 11 साल से फरारी काट रहा स्थाई वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## मुखबिर की सूचना पर कालीपीठ पुलिस ने टीम बनाकर पकड़ा




**राजगढ़।** पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देशों के क्रम में जिला पुलिस स्थाई, फरार वारंटी अपराधियों की धरपकड़ में लगी हुई है। इसी कड़ी में कालीपीठ थानाक्षेत्र में धारा 304-ए में साल 2013 से फरार एक स्थाई वारंटी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। यह आरोपी 11 साल से अपनी पहचान छिपाकर फरारी काट रहा था। कालीपीठ थाना प्रभारी रजनीष सिरोठिया ने बताया आरोपी विजय सिंह तंवर निवासी बांसखो को पकड़ने के अर्से से प्रयास किए जा रहे थे। गत दिवस विष्वसनीय मुखबिर से पता चला कि विजय सिंह अपने गांव आया हुआ है। इस पर एक टीम बनाकर गांव भेजा गया। पुलिस टीम ने आखिरकर उसे पकड़ ही लिया। आरोपी को बाद में न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में प्रधान आरक्षक हरपाल सिंह, बलिस्टर, भागीरथ, प्रशांत, फिरोज, जयसिंह, रवि का योगदान रहा।

# 22 जनवरी के एतिहासिक दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की मांग, संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**राजगढ़।** आगामी 22 जनवरी को श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में रामलाल प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्यतम आयोजन होना है। इस आयोजन में संपूर्ण देश से करोड़ों रामभक्त शामिल होने पहुंचेंगे। मप्र अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सहित मप्र शासन को पत्र भेजकर 22 जनवरी को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग रखी है। मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, संयोजक सागर सिंह गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र चौरसिया सहित अन्य द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है 22 जनवरी के एतिहासिक दिवस पर मप्र के अधिकारी, कर्मचारियों की भी मंषा है किवे अयोध्या पहुंचकर भव्य आयोजन में सम्मिलित हो सकें। ऐसे में प्रदेश के कार्यालयों में अवकाश घोषित किए जाने की मांग रखते हैं।

# अयोध्या से आए पूजित अक्षत लेकर आमंत्रण देने घर-घर पहुंच रहे भक्त

## नगर के मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान का कर रहे आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शिव शक्ति धाम मंदिर से अयोध्या से आए पूजित अक्षत को विधि वत पुजन करके घर घर जाकर आमंत्रण देने हेतु शुरुआत की।

प्रान्त सह कार्यवाह हेमन्त सेठिया के नेतृत्व में शिवशक्ति धाम मंदिर से शुरूआत करके मंदिर संचालक बालमुकुंद शर्मा पटवारी परिवार को पूजित अक्षत देकर अयोध्या में पधारने का आमंत्रण दिया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित स्वयं सेवक एवं धार्मिक श्रद्धालु भक्तों को प्रांतीय सह कार्यवाह श्री सेठिया ने बताया कि अयोध्या में श्री रामजी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भिन्न.भिन्न तैयारी की गई है। हमें भी नगर के समस्त मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, पूजा पाठ, अभिषेक, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा एवं नगर को दीपो की ज्योति से जगमगाये सभी इसमें सहयोग करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेश जमींदारए गिरीराज गुप्ता भण्ड़ावदए कोमलसिंह जमींदारए इंदरसिंह परमार ए रामेश्वर टांक ए मनोज जुलानियाए हनुमान जोशी ए सुजान गुर्जरए आशीष मेंवाडा गिरिराज गुर्जरएपवन पांचाल एगुलाबचंद सोनीए पवन शर्मा सहित धार्मिक भक्त शामिल हुए।

### नपाध्यक्ष ने किया गौशाला का शुभारंभ

**विदिशा।** स्व. जगदीश अग्रवाल जी की स्मृति में रामलीला रोड पर अपोलो हास्पिटल के पास स्थित श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल गौशाला का नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। गौशाला संचालक अल्केश अग्रवाल ने अपने पिताजी की स्मृति में यह गौशाला का शुभारंभ किया है। इस दौरान प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि इस गौशाला के पुनीत कार्य को करने का बीड़ा अल्केश अग्रवाल एवं उनके परिवार जनों ने उठाया है। उन्होने कहा ऐसे कार्य ही समाज सेवा के सही कार्य हैं। इससे गौमाता की देखभाल एवं उसके रहने की व्यवस्था इस गौशाला में रहेगी। इस दौरान समाजसेवी घनश्याम बंसल, अशोक गोयल, राकेश सोनकर, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल सहित एवं स्व. जगदीश अग्रवाल के सभी परिवारजन उपस्थित रहे।

# खुजनेर पुलिस टीम ने किया अंधे कत्ल का खुलासा

## मृतक की पत्नी ने ही पति को प्रेमी और दो साथियों के साथ उतारा था मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

खुजनेर पुलिस ने गुरुवार को अंधे कत्ल का खुलासा किया है। खुलासे में बताया कि 30 दिसंबर कि रात करीबन 2 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि खुजनेर रोड पर चोंडापूरा के पास एक व्यक्ति का शव पडा हुआ है। जिसके शरीर पर जगह-जगह चोट होने से खुन निकल रहा था। सिर में सामने करम पर चोट का घाव था तथा पेट पर दायें तरफ घाव है।

सूचना पर पुलिस की टीम वहां पहुंची तो सूचक देवीसिंह ने बताया कि यह सिद्धनाथ यादव का शव जो कि चोंडापूरा का रहने वाला है। ऐसा लगता है कि सिध्दनाथ कि मृत्यु किसी अज्ञात वाहन कि टक्कर लगाने से हुई है सूचना पर मर्ग क्र. 34/23 धारा 174 जाफौ कायम कर जांच में लिया गया था। मामले की गंभीरता देखते हुए अति. पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी दिनेश शर्मा के निर्देश में थाना प्रभारी राधिका भगत की टीम द्वारा बारिकी से जांच कि गई जिसमें पाया गया की मृतक की पत्नी ने ही पति सिद्धनाथ को प्रेमी मुकेश एवं दो साथियों के साथ घर के अंदर मौत के घाट उतार दिया। 29 दिसंबर को आरोपी मुकेश और विशाल और हंसराज ने मिलकर चैंडापुरा के सिद्धनाथ को जान से मारना है। विशाल और हंसराज सिद्धनाथ को मारने के लिए तैयार हो गये, फिर मृतक की पत्नी से संपर्क कर फोर व्हीलर सिद्धनाथ के घर के बाहर पहुंचे तो वापस सुनीता बाई का फोन आया की घर के अंदर आ जाओ। आरोपी गाड़ी से डण्डे लेकर उतरे और सिद्धनाथ के घर में उसकी पत्नी के साथ मिल कर सिद्धनाथ के साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर पर और शरीर पर चोट लगी और वह बेहोश होकर वहीं गिर गया। फिर सिद्धनाथ को उठाकर गाडी की डिग्गी मे रखा और सिद्धनाथ को लेकर खुजनेर तरफ तालाब की पाल पर रोड किनारे पहुंचे और सिद्धनाथ के शव को गाडी से निकाल कर सडक पर पटक दिया। मुकेश ने गाड़ी को आगे बढाकर भैंसासुर महाराज के मंदिर के सामने से वापस गाड़ी घुमाई और सिद्धनाथ को जान से मारने की नियत से गाडी सिद्धनाथ के ऊपर चढ़ाकर दी। फिर वापस चाटूखेड़ा जोड गये और वहां से पाडल्याखेडी, कल्पोनी होते हुए संडावता, सारंगपुर होते हुए आगर पहुंचे। वहां से फिर रात्रि 4.30 बजे करीब उज्जैन मे रामघाट पर पहुंचे जहां आरोपी मुकेश ने सुनीता और खुद का मोबाईल नदी में फेंक दिया। फिर नहाकर वापस गाड़ी मे बैठकर इंदौर पहुंचे और वहां से दोपहर मे 3 बजे करीब औंकारेश्वर तरफ फरार हो गए।

खुजनेर पुलिस की टीम ने तकनीकी साक्ष्य व सायबर सेल राजगढ की मदद से आरोपीयों को धर-दबोचा और पूछताछ के बाद अंधे कत्ल का खुलासा करने में सफलता हासिल की खुजनेर पुलिस की टीम में थाना प्रभारी राधिका भगत, उनि आदित्य सोनी, सउनि बाबूलाल, सउनि मंगल, सउनि विजय, सउनि संजय, प्र.आर. बिहारी, प्र.आर. धनसिंह, प्र.आर. रामकैलाश, आर. सुनील, दिनेश, दिगपाल, शुभम, राकेश, कमल, गजराजसिंह, सायबर राजगढ़ से प्र.आर शशांक यादव, प्र.आर कुलदीप कुंभकार, महिला आर रश्मि शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रेसवार्ता में बोले राजगढ़ के पूर्व विधायक...

# मेरी कई कोशिशों के बाद स्वीकृत हुआ है राजगढ़ बाइपास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




राजगढ़ शहर के मध्य से होकर निकले हाईवे के कारण होने वाले हादसों एवं परेषानियों को लेकर बाइपास निर्माण की मांग अर्से से की जा रही है। केंद्रीय हाईवे अॅथोरिटी ने हालिया 400 करोड़ के इस बाइपास को मंजूरी देते हुए बजट भी स्वीकृत कर दिया है। राजगढ़ के निवर्तमान विधायक बापूसिंह तंवर ने गुरूवार दोपहर एक प्रेसवार्ता कर बताया कि उनकी कितनी कोशिशों के बाद अब कहीं जाकर यह बाइपास दिल्ली से स्वीकृत होकर आया है।

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि शुरू से ही राजगढ़ बाईपास उनकी प्राथमिकता में था। उन्होंने कहा कि उनके अनुरोध पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा। विधानसभा में उनके द्वारा ध्यानाकर्षण याचिका एवं सदन में वक्तव्य के माध्यम से आवाज उठाई गई। नवीन बाईपास का प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाया गया। प्रस्ताव में जो कमी थी उस पर आपत्तियां लगी लेकिन उन्होंने अधिकारियों से भेंटकर समस्त कमियां दूर करवाई और दिल्ली जाकर भी एनएच के अधिकारियों से मिले। आज इस बाइपास को अंततः स्वीकृति मिलने के साथ ही बजट भी पारित हो चुका है।

# पेयजल संकट से जूझने वाले वार्डों के घरों तक पहुंचेगी पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा नगर के सीमावर्ती जैसे पूरनपुरा, अहमदपुर और सागर रोड की कॉलोनियों के रहवासियों के लिए सुखद खबर यह है की शीघ्र ही उनके घरों तक नपा की पेयजल लाइन का कनेक्शन पहुंच जाएगा।

करीब ढाई लाख की आबादी को पानी मुहैया कराने के लिए नगरपालिका 75 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। हलाली बांध से विदिशा तक करीब 35 किलोमीटर की पाइपलाइन का टेंडर हो चुका है। 600 एमएम साइज के पाइप डालकर यह लाइन बांध से विदिशा तक लाई जाएगी। इसके लिये हलाली पर नया इंटेकवेल बनाया जाएगा। शहर में 6 टंकियों का निर्माण किया जाएगा। कालीदास बांध के पास एक नया फिल्टर प्लांट बनाया जाएगा। यह नई टंकियां अहमदपुर रोड स्थित अटल उद्यान, मिर्जापुर मंडी, मुखर्जीनगर, बैसनगर सहित रानी दुर्गावति उद्यान के पास बनाई जाएंगी। अटल उद्यान वाली टंकी से पूरनपुरा क्षेत्र की कॉलोनियों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा टीलाखेड़ी के बचे घरों तक पेयजल लाइन बिछाई जाएगी। नगरपालिका एक टंकी के निर्माण पर करीब 1 करोड़ रुपये खर्च करेगी। 10 लाख लीटर की क्षमता वाली 6 टंकियों से नगर में करीब 50 किलोमीटर लंबी जल वितरण लाइन बिछाई जाएगी।

# अखिल भारतीय सौंधिया समाज ने किया मंत्री व विधायकों का सम्मान

**राजगढ़।** अखिल भारतीय सौंधिया क्षत्रीय राजपूत समाज संगठन द्वारा मुख्यालय स्थित सामूहिक परिसर छात्रावास में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मप्र शासन के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य पालन मंत्री नारायण सिंह पवार, सांसद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव, विधायक मोहन शर्मा, विधायक हजारीलाल दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया का शाल, श्रीफल व साफा पहनाते हुए स्वागत सत्कार किया गया।

इस अवसर पर मंत्री पंवार ने समाज के वरिष्ठजनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह समाज के लिए गर्व की बात है कि भाजपा ने आपकी समाज के बेटे को मंत्री बनाया है। मै मंत्री हूं, मैं समाज का बेटा हूं और बेटा बनकर ही हमेशा सेवा करता रहूंगा। हम सबको मिलकर जिले को विकास की दृष्टि से एक नई पहचान दिलाना है और इसके लिए मै सतत प्रयास करता रहूंगा। समाज ने मुझे आशीर्वाद दिया, इसके लिए मै हमेशा समाज का ऋणी भी रहूंगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई, हेमराज कल्पोनी, प्रताप सिंह सिसोदिया, शिवसिंह बामलाबे, प्रेमसिंह तोमर खैरासी, मांगीलाल कीलखेड़ा, चंदर सिंह तोमर, सुल्तान सिंह मोतीपुरा, शिवसिंह मोतीपुरा, नारायण सिंह मोतीपुरा, शिवराज सिंह, मदन सिंह खेरासी, देवराज चौहान, सुनील सरावत, नरवर सिंह सिसोदिय सहित समाज के अन्य उपस्थित थे।

बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की बिंदुवार हुई समीक्षा

# आप समझदारी न बताएं, जहां जरूरत है वहां बनाओ ब्रिज : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में गुरुवार को आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य पालन मंत्री नारायण सिंह पंवार विभिन्न योजनाओं एवं जन आवश्यकताओं को लेकर काफी सख्त लहजे में नजर आए।

ब्यावरा और नरसिंहगढ़ के बीच गादिया ग्राम के पास हाईवे पर एक ब्रिज, एफओबी बनाए जाने की नितांत आवष्यकता है। लेकिन, हाईवे अॅथोरिटी के अधिकारी ने भरी बैठक में बोल दिया कि वहां ब्रिज बनाने की कोई जरूरत ही नहीं है। इस पर मंत्री पंवार तल्ख लहजे में अधिकारी से बोले कि आप समझदारी न बताईये। जब पूरी समिति कह रही है और जन आवष्यकता है तो वहां ब्रिज बनाने का प्रस्ताव तैयार कर उसे हाईवे अॅथोरिटी को भिजवाईये। बैठक में हर घर नल से जल पहुंचाए जाने की महती जल जीवन मिषन, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय सहित अन्य विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा हुई। बैठक में सांसद रोड़मल नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष



**रेलवे के अधिकारी बोले- 2025 तक पूर्ण हो जाएगी रेल परियोजना**

ज्ञानसिंह गुर्जर सहित समिति सदस्य एवं संबंधित विभागों के आलाधिकारी मौजूद थे।

### जल जीवन मिशन पर हुई व्यापक चर्चा

केंद्र सरकार के हर घर, नल से जल पहुंचाने के उद्धेष्य से बने जल जीवन मिशन को लेकर बैठक में काफी चर्चा हुई। मिशन के जिलाधिकारी को निर्देश दिए गए कि जिन गांवों में जल निगम से पेयजल उपलब्ध कराने में अड़चनें आ रही हैं, वहां तकनीकी सुधार किया जाए। जहां पानी प्रेशर से नहीं पहुंच पा रहा है उन गांवों को चिन्हित करें और जरूरी जल्द जरूरी सुधार करें। इसके साथ ही जो गांव जल जीवन मिशन क्षेत्र में प्रस्तावित नहीं है, उन गांवों में पेयजल पहुंचाने की कार्ययोजना की भी जानकारी ली गई एवं कार्यों में तेजी लाने के निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने बताया कि आगामी ग्रीष्मऋतु में जल प्रबंधन सुचारू बनाए रखने के लिए अभी से आवष्यक कदम उठाने की जरूरत है, इस पर समिति ने सहमति व्यक्त की। सांसद नागर ने ग्राउण्ड वाटर की बजाय सरफेस वाटर से पेयजल की पूर्ति के प्रयास करने की बात बैठक में कहीं।

### थाना क्षेत्रों का पुर्नसीमन प्रस्तावित किया

बैठक में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने बताया कि जिले में थाना क्षेत्रों का पुनसीमन प्रस्तावित किया गया है। इसके तहत थाना मुख्यालय से अधिक दूरी वाले 50 गांव चिन्हित किए गए, जिनकों 12 थानाक्षेत्रों में सम्मिलित किया जाएगा। पुर्नपरिसीमन की सूची समिति सदस्यों के विचारार्थ प्रस्तुत की गई। एसपी मीणा ने बताया कि परीसीमन होने के बाद उक्त गांवों से थाना नजदीक होने से जनता को सहुलियत होगी। साथ ही डायल 100 भी त्वरित रेस्पॉन्स से कार्य करेगी।

### जब अट्टाहस से गूंजा सभागार

बैठक में रामगंज मंडी से भोपाल रेलवे परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा हुई। रेलवे विभाग के अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025 तक संपूर्ण परियोजना का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पर खिलचीपुर विधायक दांगी ने विनोद भरे लहजे में कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले मेरे क्षेत्र तक पटरी ही ला दो, भलेंही बाद में काम थोड़ा लेट कर देना। इस पर पूरा सभागार अट्टाहस से गूंज उठा।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव में 22 का चयन



**आष्टा।** शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय आष्टा में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने गुरुवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इसमें भारत की अग्रणी कृषि कंपनी बीएचएम एग्रीमार्ट प्रा.लि. कंपनी शामिल हुई। कार्यक्रम में कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर कमल सिंहशिक्षण व विकास प्रबंधक मनीष सक्सेना एचआर भर्ती प्रमुख इंद्रभान सिंह मौजूद थे। प्लेसमेंट ड्राइव के लिए कॉलेज के 100 से ज्यादा छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराए। करीब 35 विद्यार्थी साक्षात्कार के लिए चयनित हुए। जिनमें से 22 को कंपनी द्वारा ऑफर लेटर दिए गए। ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ डॉ.दीपेश पाठक व सदस्य वैभव सुराणा ने प्लेसमेंट शिविर का प्रबंधन किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ विधार्थी व रोजगार के इच्छुक आष्टा तहसील के शिक्षित युवा उपस्थित थे।

### जमना प्रसाद विश्वकर्मा का निधन, दी श्रद्धांजलि



**जावर।** जमना प्रसाद विश्वकर्मा बमुलिया रायमल वाले जीवन विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा के पूज्य पिता व ठाकुर लाल विश्वकर्मा, शिवनारायण विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा,कमल प्रसाद विश्वकर्मा के बड़े भाई जमना प्रसाद विश्वकर्मा का स्वर्गवास 4 जनवरी को हो गया। अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधुओ सहित गांव वासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कथावाचक गोविंद जाने ने किया अक्षत वितरण अभियान का शुभारंभ, राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का दिया निमंत्रण

# करोड़ों हिंदुओं के लिए सौभाग्य की बात, सालों बाद कई लोगों के त्याग, बलिदान के बाद मंदिर का हुआ निर्माण: गोविंद जाने

आष्टा की बजरंग बस्ती में प्रसिद्ध कथावाचक गोविंद जाने ने अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को द्वार-द्वार पहुंचाने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





करोड़ो हिंदुओ की आस्था का प्रतीक राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को होने वाला है। जिसको लेकर पूरे देश में उत्साह और उमंग का माहोल देखा जा रहा है।

जहा अयोध्या में होने वाले राम मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए भव्य तैयारी की जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर देश भर में विश्व हिन्दू परिषद अयोध्या से आए अक्षत कलश और पीले चावल घर-घर पहुंचा कर भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण दे रही है। इसी कड़ी में आष्टा की बजरंग बस्ती में प्रसिद्ध कथावाचक गोविंद जाने ने अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को द्वार-द्वार पहुंचाने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान संत गोविंद जाने ने कहा की यह करोड़ो हिंदुओ के लिए सौभाग्य की बात है सेकडों वर्षो बाद कई लोगों के त्याग बलिदान के बाद मंदिर निर्माण हो रहा है और भारत के लोग वास्तविकता में निहाल होने जा रहे है और अयोध्या में लोगो को बुलाने के लिए घर घर अक्षत पीले चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है और दीपक जलाकर दिवाली मनाई जाएग। इस दौरान विहिप के विनोद चौरसिया, राहुल जैन, राजा पारख, मनोज नागर, बंटी मंडलोई, संध्या बजाज, भगवती सोनी, सतीश सोनानिया, पार्षद विशाल चौरसिया, कालू भट्ट, रवि शर्मा, मनोहर बैरागी, तेजसिह राठौड़, देवराज परमार, सुरेश परमार,जुगल पटेल मयूर नागर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मां देवी का रूप होती है उनको कभी भी अपने से अलग मत होने देना





नगर में संत श्री गोविंद जाने की के मुखारविंद से चल रही श्रीमद् राम कथा के पांचवें दिवस पर कथा में बडी संख्या श्रद्धालु उपस्थित हुए। संत श्री ने कहा कि सो रूपी पत्र को इतना बड़ा कर लो कि आपके जीवन का उत्थान हो जाए। अपनी नियत, अपनी सोच, अपने सत्कर्म को इतना बड़ा बना कि लोगों की भलाई के शब्द हमेशा हमसे निकले समझो आप एक ग्रंथ हो, जो अच्छी पुस्तकों को पढ़ते-पढ़ते स्वयं एक लेखनी बन जाए।

ऐसे गुणी व्यक्ति को विवेकानंद कहा जाता है, अपने बच्चों को संस्कार के निर्माण से बड़ा बना दो घर मकान ज्यादा चाहे छोटा हो लेकिन जिस बच्चे को संस्कार बड़े मिल गए समझो आपके घर का निर्माण सही रूप में हो गया। जिसके अंदर हमेशा अपने इष्ट देव का ध्यान रहता है समझो उसके जीवन की हर जंग वह जीत जाएगा। हमारे संस्कार हमारे बच्चों के कार्य करने की शैली पर हमारी छाप छोड़ देते हैं।

आप जैसा व्यवहार करोगे वैसा व्यवहार और संस्कार आपके बच्चों के अंदर कार्बन कॉपी की तरह पहुंचते हैं। जिस व्यक्ति ने हमेशा प्रार्थना परोपकार सत्कर्म जनहित कार्य के लिए की होगी भगवान एक दिन जरूर उसकी प्रार्थना को सुनते हैं। जो बेटा और बहू अपनी मां से अलग रहकर दूसरे चूल्हे पर खाना पकाते हैं वह सावधान हो जाए। मां देवी का रूप होती है उनको कभी भी अपने से अलग मत होने देना मां-बाप हमारे संसार के सच्चे भगवान होते हैं, जिस व्यक्ति के अंदर शत्रु की खुशहाली देखकर भी खुशी हो जिसके मन में ईर्ष्या नहीं हो वह मन संत के समान होता है। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने गुरुदेव का स्वागत किया वहीं सकल हिंदू समाज के द्वारा भी गुरुदेव का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलापीपाल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष धारवा, पूर्व नपा अध्यक्ष डॉ मीना सिंघी, पवन वर्मा, डॉ मनोज नागर, चेतन वर्मा, बंटी मेवाडा, चेतन सिंह ठाकुर, जुगल पटेल, राजा मेवाडा, विजय खण्डेलवाल, पार्षद रवि शर्मा, शोभल सिंह मुलगी, गजराज सिंह पटेल, बापू लाल मालवीय, ज्ञान सिंह मंडलोई, विशाल चौरसिया, बलबहादुर सिंह भगत, तेज सिंह राठौड़ सतीश सोनानीया, अनिल श्रीवास्तव, मनीष डोंगरे, देवराज परमार, नरेंद्र सिंह भाटी धीरप, धीरापसिंह पटेल, जताल सिंह महादेव मंडल की भगवती सोनी संध्या बजाज विनीता माहेश्वरी मंजू राठौर सेल वाला शर्मा, टीना पांचाल, मोना नगर अनीता सेन, संगीता नगर, शीला नामदेव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मावठा के कारण शीतलहर का प्रकोप कोहरे के आगोश में लिपटा रहा नगर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर सहित क्षेत्र में भी कोहरा देखने को मिल रहा है। गुरुवार 4 जनवरी की सुबह कोहरे के आगोश में नगर डूबा नजर आया। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी देर रात से ही कोहरा छाने लगा था, जो सुबह तक काफी बढ़ गया। सुबह 40 मीटर की दूरी पर भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। करीब 11 बजे के बाद कोहरा कुछ छंटा तो लोगों ने राहत महसूस की। लेकिन नगर से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में मावठा गिरा।विजिबिलिटी लगातार कम होती गई। दिन और रात के तापमान का अंतर भी बढ़ने लगा है। ग्रामीण इलाकों में सर्द हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। नगर में दिन में अलाव जलाए गए। सर्द हवाओं ने बच्चों और वृद्धों को कंपकंपा दिया।नगर में इस बार मौसम का अलग ही अंदाज देखने को मिला रहा है।दिसंबर में जहां उम्मीद के मुताबिक ठंड इस बार नहीं पड़ी ,वहीं अब जनवरी में भी शुरुआत से ही मौसम का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। रात में जहां शीतलहर चलने से ठंड का अहसास हो रहा है। गुरुवार की सुबह नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 11 बजे तक घना कोहरा छाया। कोहरा इतना घना था कि कुछ ही दूरी के बाद स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। इससे दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों को गति कम कर हेडलाइट चालू करना पड़ी। वहीं करीब 11 बजे बाद कोहरा धीरे-धीरे छंटा। हालांकि इसके बाद भी दिनभर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरे की हल्की धुंध छाई रही। वहीं ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते रहे। आने वाले 4 दिन मौसम शुष्क और रात व सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा। इन दिनों में अधिकतम तापमान 23 से 24 डिग्री के बीच रहेगा। वहीं न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। कोहरा के कारण हाईवे पर भी वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लग गया। वाहन चालक हेडलाइट जलाकर रेंगते हुए चल रहे थे। घने कोहरे के कारण कर्मचारियों और मजदूरों के साथ आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बीएस मेवाड़ा ने बताया कि इन दिनों मौसम फसलों के अनुकूल है। कोहरा गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद साबित होगा। ये मौसम इन दिनों फसलों के लिए फायदेमंद है। कोहरे से गेहूं की फसल को सबसे अधिक फायदा होगा। फसल के अनुकूल मौसम होता है तो फसल का उत्पादन भी बढ़ता है। जिस तरह का मौसम है वो फसलों को फायदा पहुंचने वाला है। निरंतर कोहरा बढ़ने से तापमान में भी गिरावट होगी। लोगों को शीतलहर से बचने के लिए सलाह दी है। सर्दी बढ़ सकती है। मुख्य रूप से शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के साथ पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोगों को सावधानी रखने की जरूरत है।

## विहीप, बजरंग दल ने मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

हिंदू समाज के द्वारा एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा ग्यापन दिया गया। तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले को और थाना प्रभारी रामनारायण मालवीय के समक्ष श्यामपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले इमलिया हसन टप्पर हनुमान जी की प्रतिमा अति प्राचीन है। उस मंदिर की जगह पर कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर वहां पर गंदगी फेलाई जा रही है। उस जगह को तुरत खाली करवा कर हिंदू समाज को सौंपी जाए। इसी के साथ इमलिया टप्पर पर कुछ जमीन को वहां के लोगों द्वारा वक्त बोर्ड के नाम करवा दी गई ह। हिंदू समाज द्वारा जमीन की जांच करवाने हेतु आवेदन भी दिया गया है। हिंदू समाज द्वारा लिखित आवेदन में कहा कि हम 15 दिन का अल्टीमेटम देते हैं। अगर जांच और कार्रवाई नहीं की तो हम इस मामले को लेकर समस्त हिंदू समाज व संगठन द्वारा हम धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

## बस स्टैंड पर दिखने लगी यात्रियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




ड्राइवरों की हड़ताल के चलते बस और ट्रक सहित अन्य वाहन सड़कों पर दिखाई नहीं दे रहे थे ।बीती रात्रि में हड़ताल खत्म हो गई थी इसके बाद आज सुबह से सड़कों पर ट्रक -बस एक बार फिर से दौड़ने लगे हैं। सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की ओर से बनाए गए कानून के विरोध में यात्रियों को असुरक्षा के साथ डेढ़ गुना किराया देकर यात्रा करने को मजबूर होना पड़ा। आलम यह है कि आष्टा से भोपाल की दूरी करीब 80 किलोमीटर है।

मारुति वैन वालों ने किराया 200 रुपए प्रति सवारी लिया, वही हंस ट्रेवल्स की बस वाले ने 450 सौ रुपए इंदौर तक के लिए है। इसके बाद भी उन्हें साधन के लिए घंटों परेशान होना पड़ रहा है। दरअसल केंद्र सरकार के हिट एंड रन को लेकर बनाए गए कानून को लेकर देशभर के पेशेवर ड्राइवर हड़ताल पर थे। वहीं उनकी इस हड़ताल का समर्थन जिले के ड्राइवर भी कर रहे थे। इसी के चलते जिले भर के ड्राइवर ने बस, ट्रक और डंपर के पहिए थाम दिए हैं। ड्राइवर यूनियन के लोग हाइवे पर जगह जगह लट्ठ लेकर यात्री और माल परिवहन कराने वाले वाहनों को रोकने के लिए खड़े थे। साथ ही हाइवे पर धरना भी दिया था।


हिट एंड रन केस में सख्त कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों के साथ बस, ऑटो, टेंपो चालक भी मंगलवार को हड़ताल पर रहे। बसों के चक्के दो दिन तक जाम रहे। इससे बसों से सफर करने वाले यात्री आने-जाने के लिए परेशान रहे। वहीं ट्रक हड़ताल का असर अब पेट्रोल पंप भी दिखने लगा है। इस कारण दिनभर जहां पेट्रोल पंप पर वाहन चालकों की भीड़ रही। वहीं देर शाम हड़ताल खत्म होने की घोषणा के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बस एसोसिएशन के माजिद भाई का कहना है कि ड्राइवरों ने हड़ताल खत्म कर दी है।

बुधवार से पहले की तरह बसों का संचालन प्रारंभ हो गया। उन्होंने कहा कि हिट एंड रन कानून लागू करने के मामले में सरकार ने कहा है कि अभी यह लागू नहीं होगा। लेकिन बीती रात्रि में हड़ताल खत्म हो गई और उसके बाद बुधवार से सभी वाहन सड़कों पर दौड़ने लगे। आष्टा बस स्टैंड पर भी यहां से आने और जाने वाली सभी यात्री बस समय से रवाना हुई ।इधर इंदौर भोपाल मार्ग पर चलने वाली अधिकांश बसें आज शुरू हो गई ।यह जरूर है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ बसे ही चली ,क्योंकि सुबह-सुबह ट्रैफिक नहीं था दिन में सभी बसें अपने समय से शुरू हो गई।

### रचनात्मक और आधुनिक प्याज कोल्ड स्टोरेज के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से किया सम्मानित

## शहर के युवा ने प्याज के लिए आधुनिक कोल्ड स्टोरेज किया डिजाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




कीमत में उतार-चढ़ाव के कारण प्याज की फसल किसानों के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। इसके अलावा प्याज के भंडारण पर आने वाली लागत, भंडारण के दौरान प्याज की गुणवत्ता खराब होने का भी किसानों पर असर पड़ता है. विपणन बोर्ड के आधिकारिक प्याज भंडारण गृह में वर्तमान में पचास टन प्याज भंडारण की लागत न्यूनतम तीन लाख रुपये है। किसानों द्वारा एक वैकल्पिक जाल मॉडल का उपयोग किया जाता है, लेकिन इसे विपणन बोर्ड द्वारा आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त नहीं है। साल भर किए गए प्याज के भंडारण से आमतौर पर लगभग 40 से 50 प्रतिशत का नुकसान होता है। इस दर को कम करने के उद्देश्य से शहर के होनहार प्रतिभावान युवा सौरभ जयसवाल ने प्याज के खराब होने के कारणों का अध्ययन किया। तापमान, आर्द्रता और वेंटिलेशन के तीन महत्वपूर्ण कारकों को नियंत्रित करने के लिए एक बेहतर प्याज भंडारण कक्ष डिजाइन किया।

### आधुनिक कोल्ड स्टोरेज के कई लाभ

न्यू कोल्ड स्टोरेज में 12 महीने के भंडारण में कुल 8 प्रतिशत का नुकसान दर्शाया गया है जो सिर्फ उसके वजन कम होने के कारण ही है तथा खराब होना, सड़ना यह बिल्कुल भी नहीं है तापमान और सापेक्ष आर्द्रता के किसी भी नियंत्रण के बिना पारंपरिक प्याज भंडारण विधि 54 प्रतिशत के नुकसान को दर्शाती है। पुराने कोल्ड स्टोरेज से निकाले जाने के 15 दिनों के भीतर भंडारण के बाद लगभग 27 प्रतिशत अंकुरण दर्ज किया गया। वहीं नव विकसित कोल्ड स्टोरेज में भंडारण से निकालने के एक माह बाद भी अंकुरण नहीं देखा गया। नए विकसित कोल्ड स्टोरेज की संचालन लागत और निर्माण लागत पारंपरिक कोल्ड स्टोरेज की तुलना मे एक तिहाई कम है। 2 टन से कम क्षमता के लिए नए कोल्ड स्टोरेज का निर्माण संभव है और इसे 2000 टन तक बढ़ाया जा सकता है, जबकि कोल्ड स्टोरेज में यह संभव नहीं है। इसका उपयोग



खरीफ और रबी मौसम के दौरान प्याज के उपचार के लिए भी किया जा सकता है। यह संरचना नगण्य अंकुरण वाले खरीफ प्याज के भंडारण के लिए उपयोगी होगी, जो कि खरीफ प्याज के भंडारण के लिए एक बड़ी बाधा है। कम जगह में ज्यादा प्याज का भंडारण किया जा सकता है. दस टन के लिए एक पारंपरिक संरचना के लिए दो सौ वर्ग फुट जगह की आवश्यकता होती है। नई संरचना में एक सौ वर्ग फीट की बंद जगह पर्याप्त है। नए भंडारण संरचना में हर जगह हवा का संचार होता है, प्रत्येक प्याज को समान तापमान मिलता है और हवा हर तरफ से प्रसारित होती है। आमतौर पर पहला प्याज सड़ने के बाद प्याज के पौधे में दूसरे प्याज के खराब होने की प्रक्रिया तेजी से शुरू हो जाती है। इस नए मॉडल में प्याज के पहले क्षय की अवधि बढ़ाने से भंडारण का समय लंबा हो जाता है। उसी संरचना का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है, जैसे कि केले को पकाना और अन्य अनुप्रयोगों में थोड़े से संशोधन या आवश्यक सुविधा के साथ। मुख्य सीजन (मई-जून) के दौरान विशेष रूप से मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और बिहार राज्यों में, जहां तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, बिक्री में परेशानी से बचने के लिए किसान अपने खेत में कम क्षमता वाले नए प्याज कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय स्तर पर हो चुके है सम्मानित

सौरभ जायसवाल ने अपने B.Tech की पढ़ाई महात्मा फुले कृषी विद्यापीठ राहुरी महाराष्ट्र से की है उसके बाद उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय महाराष्ट्र में भी इस प्रोजेक्ट कि टेस्टिंग कर उसे सक्सेसफुल किया। सौरभ जायसवाल ने अपने एम टेक की पढ़ाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय सिक्किम से पूर्ण की है और उन्होंने अपने एम टेक के रिसर्च प्रोजेक्ट में भी बकव्हीट प्रोसेसिंग (मोटा अनाज) पर एक नई तकनीक विकसित की है जिसके लिए उन्हें पूरे उत्तर पूर्वी राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर भी पुरस्कार मिला है।

## संत श्री राम भूषण दास त्यागी बने प्रदेश संरक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सनातन धर्म और राष्ट्रीय हित में कार्य करने वाली संस्था विश्व सनातन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण कुमार शाही द्वारा पूज्य महन्त दीपक दास त्यागी के कृपा पात्र संत श्री राम भूषण दास त्यागी को प्रदेश संरक्षक नियुक्त किया गया। संत चार बार वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, फेंसिंग राज्य स्तरीय खिलाड़ी, आध्यात्मिक वक्त एंव व भी है। संत श्री बाल्यकाल से ही सामाजिक क्षेत्र में काम करते आ रहे साथ ही अपने वैचारिक वक्तात्व से समाज में युवाओं को धर्म के पथ पर चलने के लिए प्रेरणा दे रहें हैं। संत श्री ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कहा कि भारत एक बड़ा लोकतांत्रिक देश है किसी भी देश का विकास उस देश के युवाओं पर ही हमेशा से निर्भर करता रहा है। हम यह कह सकते हैं कि युवा ही राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। प्रत्येक राष्ट्र की तरक्की का आधार उसकी युवा पीढ़ी होती है। जिसकी उपलब्धियों से उस राष्ट्र का और समाज का विकास होता है। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। युवाओं में समाज का वह क्षेत्र शामिल होता है, जो अभी तक विकास को परिलक्षित करता है और एक राष्ट्र के लिए भाग्य का निर्माता होता है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में जाएं तो यह पता चलता है कि हमारे राष्ट्र के लिए कई परिवर्तन, विकास, समृद्धि और सम्मान दिलाने में युवाओं की भागीदारी और सक्रियता उच्च कोटि की रही है। समाज में व्याप्त कई समस्याओं पर कार्य करके युवा दूसरों के लिए एक आदर्श बन सकते हैं। युवावस्था जीवन की वह अवधि है, जो शक्ति और क्षमता के साथ आगे बढ़ती है। किसी भी समस्या का समाधान युवा सकारात्मकता से हल करना जानता है। इसी लिए देश के प्रत्येक युवा को आगे आकर राष्ट्रीय निर्माण में कार्य करना चाहिए साथ ही आध्यात्मिक रूप से भी सक्रियता निभाना चाहिए। संत श्री की नियुक्ति के बाद समाज में हर्ष व्याप्त है।